# सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में गूंजे भोलेनाथ के जयकारे



माहेश्वरी महिला मण्डल अध्यक्ष निर्मला सत्यनारायण सूदा के संयोजन में 86 सदस्यों ने नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में सामूहिक शिव अभिषेक किया। फोटो–राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर सहित जिलेभर में सावन के मास के तीसरे सोमवार को शिवालयो में हर हर महादेव व ओम नमो शिवाय के जयकारे गुंजायमान हो उठे।

जालोर में सावन मास को लेकर शिव भक्तो में खास उत्साह नजर आया। सोमवार को जालोर शहर के बागेश्वर महादेव, बैद्यनाथ महादेव मंदिर, सुरेश्वर महादेव मंदिर, भैरूनाथ अखाडे सहित शिव मंदिरो में भक्तो की भीड़ नजर आई। सावन मास में सोमवार को बारिश के बीच भक्तो की रेलमपेल लगी रही। भक्तो ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर बिल्व पत्र, पुष्प अर्पित कर सुख समृद्वि एवं खुशहाली की कामना की। साथ भक्तो ने दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक किया। शिवालय बम बम भोले व हर हर महादेव के जयकारो से गुंजयमान नजर आय। सोमवार को शहर के निकट कणियागिरी पर्वत स्थित सिरे मंदिर धाम पर मेला जैसा माहौल नजर आया।

वही जालोर शहर के निकट लेटा मठ, भैसवाडा मठ, जागनाथ महादेव मंदिर, स्वरूपपुरा महादेव मंदिर, बिशनगढ स्थित शिव मंदिर में भी भगवान शिव के दर्शनार्थ भक्तो का रेला नजर आया। जोर शहर सहित जिलेभर में सावन मास के तीसरे सोमवार को भक्तो की भीड़ नजर आई।

## पशुपतिनाथ का अभिषेक किया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। माहेश्वरी महिला मण्डल अध्यक्ष निर्मला सत्यनारायण सूदा के संयोजन में 86 सदस्यों ने नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में सामूहिक शिव अभिषेक किया एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन किये।


पुष्पा रमेश चांडक से मिली जानकारी के अनुसार काठमांडू के बाद सदस्यों द्वारा नेपाल में सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक चितवन पार्क में आसानी से वन्यजीवों को देखा, सदस्यों ने पार्क में शानदार दृश्यों का लुत्फ़ उठाया।

ज्ञात रहे कि हिमालय की तलहटी में स्थित चितवन तराई क्षेत्र के कुछ बचे हुए अछूते अवशेषों में से एक है, जो पहले भारत और नेपाल की तलहटी तक फैला हुआ था।

यहां की वनस्पतियाँ और जीव–जंतु विशेष रूप से समृद्ध हैं। एक सींग वाले एशियाई गैंडों की अंतिम आबादी में से एक इस पार्क में रहती है, जो बंगाल टाइगर के अंतिम आश्रयों में से एक है। आज से 33 वर्ष पूर्व अखिल भारतीय माहेश्वरी समाज के जैसलमेर अधिवेशन में नेपाल के अनेक माहेश्वरी बंधु जैसलमेर आये।

इन दिनों माहेश्वरी महिला मण्डल के 86 सदस्य नेपाल के चितवन गार्डन के भर्मण पर है। चितवन निवासी व्यास पीठ के चंद्रदत सुबेदी परिवार से सभी का मिलना हुआ।

ज्ञात रहे कि जैसलमेर में व्यास पीठ पर बिराजमान होकर चंद्रदत सुबेदी द्वारा अब तक लगभग 20 बार साप्ताहिक भागवत कथा का पाठ भक्तों को सुनाया गया है।



जोधपुर शहर के मंदिरों में शिवजी का अभिषेक किया।

## भोले बाबा के दरबार में कई आयोजन हुए

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर में आज सावन की तीसरे सोमवार पर शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। बारिश के चलते भी भक्तजन शिवजी का अभिषेक करने पहुंचे। आज तीसरे सोमवार पर भी लोगों ने व्रतोपवास किया।

सुबह से ही भक्तों की भीड़ शिवालयों में देखी गई, मगर दोपहर बाद कम पड़ गई। बारिश के चलते लोग शिवालयों तक नहीं पहुंचे।

शहर के अचलनाथ महादेव मंदिर, भूतनाथ, उम्मदे उद्यान शिव मंदिर, रातानाडा शिव मंदिर, चांदपोल उपकेश्वर महादेव मदिर सहित कई शिव मंदिरों में आज सुबह बालक–बालिकाओं सहित युवाओं और युवतियों ने भगवान भोलेनाथ का जल, दूध से अभिषेक किया। कई शिवमंदिरों में पंचामृत से अभिषेक किया गया।

# जल भराव वाले इलाकों का जायजा लिया



बालोतरा जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने उपखंड अधिकारी राजेश कुमार के साथ जल भराव वाले इलाकों का दौरा किया। फोटो–राष्ट्रदूत

**बालोतरा**, (निसं)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने उपखण्ड अधिकारी राजेश कुमार के साथ सोमवार को कल्याणपुर, डोली, अराबा, समदडी में जल भराव वाले इलाकों का जायजा लेकर पानी की निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने सोमवार को जिले में हुई भारी बारिश के चलते कल्याणपुर, डोली, अराबा, समदडी समेत विभिन्न इलाकों में जल भराव से उत्पन्न स्थिति एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पानी निकासी में किसी तरह का अवरोधक आए तो जेसीबी, पंप एवं अन्य संसाधनों का सहयोग लेकर स्थिति को सामान्य किया जाये।

उन्होंने अधिकारियों को समन्वय के साथ जल भराव वाले इलाकों से पानी की निकासी सुनिश्चित करने एवं अन्य निचले इलाकों में पानी भराव नहीं हो, इसके लिए प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला कलैक्टर ने स्थानीय लोगों से वार्ता कर समस्या समाधान एवं उनकी कुशलक्षेम पुछी। उन्होने आमजन को विश्वास दिलाया कि जिला प्रशासन हर संभव सहायता के लिए तैयार है।

# दिनभर बारिश से लोग परेशान

**पाली**, (नि.सं.)। सावन के तीसरे सोमवार को इंद्रदेव ने किया शिव का अभिषेक पूरे दिन बारिश के चलते शहर के सोमनाथ मंदिर लखोटिया महादेव सहित मंदिर में रौनक नहीं रही।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सावन माह के तृतीय सोमवार को सिद्धेश्वर महादेव पीपली चोक जवाहर नगर में शंकर भगवान का रुद्राभिषेक किया गया। मंत्रोचारण से जवाहर नगर में भक्ति मय माहौल हुआ।

रुद्राभिषेक रेखा नयन जैन परिवार की ओर से करवाया गया।

आचार्य नारायण दवे व कपिल दवे द्वारा करवाया गया।

कार्यकर्म में ,अध्यक्ष शांतिलाल चोपड़ा, कैलाश पूरी,राजू तिवारी, रामदयाल गोड, जसराज माली,महेंद्र सिंह एडवोकेट, व महिला मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। बाद में महाआरती हुई।

## अवैध मादक पदार्थ सहित दो जने पकड़े

**जालोर**, (कासं)। भीनमाल पुलिस ने सोमवार को 05.50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद, 9680/– रूपये भी जब्त कर मादक पदार्थ स्मैक के परिवहन में प्रयुक्त वाहन स्वीफ्ट कार व मोटरसाईकिल जब्त की है मादक पदार्थ स्मैक के बैचान व खरीद फरोख्त में दो अभियुक्त गिरफतार किया।

जालोर एस.पी. के निर्देशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत भीनमाल में दौराने गस्त लॉकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्यवाही के दौरान रावण चौक केदार नाडी की पाल कस्बा भीनमाल में एक स्वीफट कार व एक मोटरसाईकिल संदिग्ध अवस्था में मिलने पर सघन तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान अवैध मादक पदार्थ स्मैक 05.50 ग्राम होना पाया गया, जिसको बरामद कर आरोपी मानवेन्द्र कुमार उर्फ कपिल पुत्र सोहनलाल उम्र 24 साल जाति कलबी निवासी जैसावास पुलिस थाना बागोडा, श्री मेहबुबखान पुत्र मुस्ताकखान उम्र 19 साल जाति मोयला मुसलमान निवासी मुगथला कांबा पुलिस थाना रामसीन को गिरफतार कर उनके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त कर मादक पदार्थ स्मैक के परिवहन में प्रयुक्त वाहन स्वीफट कार व मोटरसाईकिल को जब्त किया गया, मुलजिमानों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण पंजिबद्ध कर अन्वेषण किया जा रहा हैं।

# डॉ.पवन ओझा को बेस्ट क्लब प्रेसिडेंट अवार्ड दिया




जालोर रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पवन ओझा को उत्कृष्ठ कार्य के लिए सम्मानित किया। फोटो–राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3055 के सत्र 2023–24 का आभार एवं सम्मान समारोह आबु के निजी रिसोर्ट में आयोजित हुआ। जिसमें पश्चिमी राजस्थान और गुजरात के 550 से अधिक रोटरी सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें वर्षभर पर्यावरण, मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवा,शांति एवं संघर्ष की रोकथाम,बुनियादी शिक्षा और साक्षरता,आर्थिक और सामुदायिक विकास इत्यादि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रोटरी सदस्यों को विभिन्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि गत वर्ष रोटरी क्लब जालोर अध्यक्ष डॉ.पवन ओझा के कार्यकाल में रोटरी क्लब जालोर द्वारा 52 सप्ताह 52 सेवा दिवस के रूप में वर्षभर विभिन्न सेवाकार्य प्रोजेक्ट किये गये। जिसके अंतर्गत विशाल रक्तदान शिविर,पर्यावरण पौधारोपण, असहायों की मदद, मल्टी स्पेशियलिटी मेडिकल कैम्प, रोटरी लिटरेसी मिशन, ऑर्गन, बॉडी डोनेशन,नशामुक्ति,गर्ल चाइल्ड एजुकेशन, महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर, करियर गाइडेंस कार्यक्रम,पल्स पोलियो अभियान, थैलेसीमिया, मानसिक स्वास्थ्य,स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम इत्यादि कार्यो के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष एवं सर्वश्रेष्ठ क्लब का अवार्ड रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3055 के पूर्व प्रांतपाल मेहूल राठौड एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मोहन पाराशर के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया ।

इसी क्रम में रोटरियन तरुण सिद्धावत को श्रेष्ठ सहायक प्रांतपाल,कानाराम परमार को बेस्ट डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर,संजय कुमार को श्रेष्ट सचिव ,जालोर क्लब को सर्वश्रेष्ठ क्लब अवार्ड सहित डीजी साइटेशन,बेस्ट आरसीसी अवार्ड,बेस्ट एनवायरनमेंट,बेस्ट मेडिकल,बेस्ट डिस्ट्रिक्ट ग्रांट प्रोजेक्ट,बेस्ट एजुकेशन ऐक्टिविटी,बेस्ट वोकेशनल सर्विस अवार्ड सहित 12 डिस्ट्रिक्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जालोर क्लब से डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी कानाराम परमार,पूर्व सहायक प्रांतपाल तरुण सिद्धावत,वर्तमान अध्यक्ष संजय कुमार, सचिव सीए जीशान अली,पायल सिद्धावत, चेतना श्रीमाली, आराध्या, गर्वित ओझा, रुद्रांशी श्रीमाली सहित क्लब सदस्य मौजूद रहे ।

## वाटर पोल्युशन कंट्रोल ट्रस्ट के लिए 52 नाम

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा वाटर पोल्युशन कन्ट्रोल ट्रीटमेन्ट एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन ट्रस्ट, बालोतरा के निर्वाचन कार्यक्रम के तहत वैध नामनिर्देशन पत्रों की जांच के पश्चात् 52 आवेदन पत्र सही पाये गये। जिसमें से उम्मीदवारी से नाम वापसी के 9 आवेदन प्राप्त हुए।

रिर्टनिंग अधिकारी राजेन्द्र गहलोत ने बताया कि निर्वाचन लडने वाले उम्मीदवारों की संख्या 43 हैं जिसमें से कॉटन सेगमेंट के 18 उम्मीदवार कमशः कांति लाल, किशोर कुमार, गौतम चन्द, नरेश कुमार, भंवर लाल, मनसुखराज, मनोज कुमार, मुकेश कुमार, रणजीत कुमार, राजकुमार, रामाकिशन, रुपचन्द सालेचा, शान्तिलाल बालड, संजय कुमार सिंघवी, सिद्धार्थ, सुभाषचन्द मेहता, सुरेश कुमार व सुशील कुमार। प्रिंट सेगमेंट के 8 उम्मीदवार कमशः कमलेश कुमार चौपडा, धनराज, नरेश बेलडयिा, नितेश कुमार गोगड, राकेश कुमार, लुणचन्द, विनोद कुमार सिंघवी व सिद्धार्थ माहेश्वरी। सिन्थेटिक सेगमेंट के 8 उम्मीदवार कमशः धनसुख, नरेन्द्रकुमार छाजेड, नरेन्द्र कुमार, भैरूलाल चौपडा, महेन्द्र कुमार, महेन्द्रकुमार, राजेश कुमार, ललीतकुमार। वॉशिग बिङ्गुजा क्षेत्र सेगमेंट के 9 उम्मीदवार कमशः ओमप्रकाश, चेलाराम, जोगेन्द्र चौधरी, नेनाराम, भरत कुमार, मुराराम, मंगलाराम, मोतीलाल, संदीप कुमार।

सहायक निर्वाचन अधिकारी ओ.पी. पुरोहित ने बताया नाम निर्देशन पत्रों की जांच व नाम वापसी शांतिपूर्वक हुई। मतदान व मतगणना नवकार विद्या मंदिर में सम्पन्न होगी।

# पौधारोपण कर उनका संरक्षण जरूरी : पूजा पार्थ



जालोर के केन्द्रीय विद्यालय में जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने पौधारोपण किया। फोटो–राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर एवं पीएम केन्द्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष पूजा पार्थ के मार्गदर्शन में सोमवार को पीएम केन्द्रीय विद्यालय के परिसर में 'वन महोत्सव' के तहत पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का सन्देश दिया।

कार्यक्रम के दौरान जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने विद्यार्थियों को अपने जीवन के संस्मरण सुनाते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण कर उनका संरक्षण करना, वर्तमान की आवश्यकता है।

उन्होंने शिक्षा के साथ सहशैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा को आगे लाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय के प्राचार्य गोपाल मीना, विद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भी पौधें लगाकर प्रकृति को बचाने का संकल्प लिया। इस दौरान 'वृक्ष लगाओ प्रकृति बचाओ' विषय पर चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने प्रकृति संरक्षण से संबंधित विभिन्न चित्र बनाकर प्रदर्शित किए गए।

जिला कलैक्टर ने विद्यालय में चल रहे खिलौना पुस्तकालय व बालवाटिका कक्षा कक्ष का अवलोकन किया तथा विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों कि प्रशंसा की। उन्होंने कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के साथ वार्तालाप कर उनको अपने लक्ष्य प्राप्त करने के संबंध में मार्गदर्शन देते हुए एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर बाबूलाल मीना सहित कई जने उपस्थित रहे।

# छात्रावास में पौधारोपण किया




जालोर के राजकीय देवनारायण बालिका छात्रावास में पौधारोपण किया। फोटो–राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। समर्पण सेवा संस्थान सांचोर के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय देवनारायण आदर्श बालिका छात्रावास जालोर में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राजस्थान प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रेरणा से संस्थान के तत्वावधान में पोंधे लगायें गये।

संस्था अध्यक्ष उर्मिला दर्जी ने बताया कि संस्था की तरफ से इसी प्रकार से जन कल्याण से संबंधित कार्य किये जा रहे हैं। संस्था की तरफ से इसी तरह वृक्षारोपण कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर उर्मिला दर्जी, निरमा कुमारी,गटु देवी,भावना वेगड, रेखा देवासी,सुमन,हिना, शिल्पा सहित कई छात्राएं उपस्थित रहीं।

## तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया

**जोधपुर** , (का.सं.) । पूर्व महाराजा गज सिंह ने करगिल वॉर हीरो लांस नायक दीप चन्द द्वारा मुम्बई से करगिल तक निकाली जा रही तिरंगा यात्रा का उम्मेद भवन पैलेस से फ्लेग ऑफ कर रवाना किया ।

महाराजा ने दीप चन्द को स्मृति चिन्ह प्रदान किया । दीप चन्द के साथ यात्रा में अभिषेक गौतम भी है। जिन्होंने अपने शरीर व पीठ पर करगिल के शहीदों के नाम टैटू करवा रखे हैं। उनको पैलेस भी दिखाया। इस अवसर पर उम्मेद भवन पैलेस के महाप्रबंधक मनु शर्मा, गौरव सामंती, ऋतुराज सिंह, सागर सिंह , पुष्पेन्द्र सिंह ,भोम सिंह , शूर सिंह , आईदान सिंह, चैन सिंह ने भारत माता के नारे लगाकर यात्रा को रवाना किया। गज सिंह ने इस अवसर पर करगिल युद्ध के शहीदों को नमन करते हुए कहा कि करगिल का युद्ध भारतीय सैनिकों की बहादुरी का गौरवशाली इतिहास है। भारतीय सैनिकों की बहादुरी पर हमें गर्व होता है।

# लायंस उद्यान में पौधे लगाए



जालोर में लायंस क्लब पदाधिकारियों ने पौधारोपण किया। फोटो–राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के नेहरू उद्यान में लायंस क्लब पदाधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण की मुहिम के तहत सुंदेलाव तालाब के पास स्थित लायंस क्लब उद्यान में सोमवार को पौधरोपण किया गया।

अभियान की कडी में सोमवार के तहत दो दिन में एक सौ पौधे लगाए गए। वहीं उनकी देखरेख और सुरक्षा का जिम्मा भी तय किया गया। लायन दीपेश सिद्धावत, कालूराज मेहता, श्याम सुंदर गोयल, लायन राजेंद्र जैन, किशनलाल माहेश्वरी, नगरपरिषद एटीपी शिवदान जांगिड, नक्शा नवीश बलवीरसिंह और संदीप परमार मौजूद रहे।

## समाजसेवी मददगार बने

**पाली**, (नि.सं.)। पाली सम्भाग मुख्यालय पर बारिश से परेशान लोगों ो राहत देने के लिए समाजसेवी संस्थाओं के साथ–साथ सरकारी अमला भी जुटा नजर आया।

आमजन कों राहत पहुंचाने में समाजसेवी गुलाम नबी उर्फ इलू अब्बासी व समाजसेवी अरबाज खान अज्जू की टीम मददगार बन लगी रही। कई वार्डों में पार्षद भी दौरा कर राहत पहुंचाने में लगे दिखे। वही पुलिस प्रशासन का अमला भी दिन–रात एक कर व्यवस्था बनाने में लगा हुआ है।

सेवा सौरभ राजस्थान की टीम हैदर कालोनी कालू कालोनी, नया गांव, पठान कालोनी, रामदेव कालोनी, गरीब नवाज कालोनी, शेखों की ढाणी, आशापुरा नगर, सर्वोदय नगर का दौरा कर हालात का जायजा लिया।

आमजन से अपील कि की अपने घरों में रहें जल भराव के क्षेत्रों में ना जाए। खासकर छोटे बच्चों को जल भराव के पास ना जानें दें।

